# ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2021 से 03/2023

### भाग-एक

1 **प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफ़ारिशों के फ़लस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम-1994 की धारा 118 में होने व संयुक्त निदेशक एवं उप-सचिव पंचायती राज विभाग के संशोधन पत्र संख्या पीसीएच-एचसी(5)-सी(15)एलएडी/2006-12669 दिनांक-07-04-2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपें जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों का अंकेक्षण कार्य राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान/सचिव एवं अन्य कर्मचारी कार्यरत थे:-**

**प्रधान**

| क्रम संख्या | पदाधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री पवन कुमार | 01-04-2021 से 31-03-2023 |

**सचिव**

| क्रम संख्या | सचिव का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री कुलदीप सिंह | 01-04-2021 से 22-06-2021 |
| 2. | श्री अर्जुन | 23-06-2021 से 31-03-2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार**

ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:-

| क्र० सं० | पैरा संख्या | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 5 | बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में अन्तर | 0.40 |
| 2 | 6.1 | विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदान का अवरोधन। | 18.18 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 7.1 | पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया की वसूली न करने बारे | 0.65 |
| 4 | 7.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली न करने बारे | 009 |
| 5 | 8.2 | ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से बिना X–फॉर्म के क्रय करने से सरकार को रॉयल्टी के तौर के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि। | 0.87 |
| 6 | 8.3 | प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर की सम्भावित वित्तीय हानि बारे। | 0.58 |
| 7 | 9.1 | औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे | 2.70 |
| 8 | 9.2 | सामान/स्टोर की स्टॉक प्रविष्टियाँ व रजिस्टरों का संधारण नियमानुसार न करने बारे | 1.69 |
| 9 | 9.3 | मस्ट्रोलों के भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे। | 0.49 |
| 10 | 9.4 | अनुमोदित दरों से अधिक का भुगतान करने बारे | 0.06 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा (हि०प्र०) से सम्बन्धित गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन के अनिर्णीत पैरों के समायोजन बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2023-24/ GP TUNDI /GP TUNDI/01 दिनाँक 16-03-2024 द्वारा अवगत करवाया गया। तदोपरांत पुन अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2023-24/ GP TUNDI /02 दिनाँक 18-03-2024 द्वारा अवगत करवाया गया। जिसमें सचिव द्वारा उत्तर दिया गया कि उक्त अनिर्णीत पैरों के उपर कोई कार्यवाही नही की गई है । इस प्रकार से गत अंकेक्षण प्रतिवेदन पर कार्यवाही न करना न केवल नियमों के प्रतिकूल है; अपितु इससे अंकेक्षण का प्रयोजन ही निष्फल हो जाता है अत: उक्त प्रकरण उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है। विगत अंकेक्षण प्रतिवेदन में शामिल पैरों पर शीघ्र ही कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाये। अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से है :-

**अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2013 से 03/2016 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | पैरा स्थिति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क ₹5000/- की प्राप्ति के उपरान्त |
| 2. | 4 | निर्णीत | वर्तमान अंकेक्षण में पुनः प्रारूपित। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | 4.1(i) | अनिर्णीत | |
| 4 | 4.1(ii) | अनिर्णीत | |
| 5. | 5 | अनिर्णीत | |
| 6. | 6 | अनिर्णीत | |
| 7. | 7 | अनिर्णीत | |
| 8. | 8 | अनिर्णीत | |
| 9. | 9 | अनिर्णीत | |
| 10. | 10 | अनिर्णीत | |
| 11 | 11 | अनिर्णीत | |
| 12 | 12 | अनिर्णीत | |

## भाग- दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षण

ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड भटियात, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री राकेश कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 15-03-2024 से 21-03-2024 तक ग्राम पंचायत टुंडी के कार्यालय में किया गया। वर्तमान निधि लेखों की विस्तृत जांच के लिए निम्न मासों का चयन किया गया। जिसके परिणामों को आगामी पैराग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | आय चयनित माह | व्यय चयनित माह |
|---|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 11/2021 | 11/2021 |
| 2 | 2022-23 | 08/2022 | 05/2022 |

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के निरीक्षण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु राज्य लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश उत्तरदायी नहीं होगा।

### 3 अंकेक्षण शुल्क

ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा के अवधि 04/2021 से 03/2023 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु शुल्क ₹4800/- बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला-171009 (हि०प्र०) को

शीघ्रअतिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या-SAD/CBA/2023-24/GP TUNDI/11 दिनांक-21-03-2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत टुंडी से अनुरोध किया गया है।

**4 वित्तीय स्थिति**

ग्राम पंचायत टुंडी द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 04/2021 से 03/2023 के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी :-

**4 (अ) स्व:-स्रोतों व अनुदान**

ग्राम पंचायत टुंडी के अवधि 04/2021 से 03/2023 तक स्व:-स्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से है। जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट-1 व 2** में भी दिया गया है।

**1. स्व:-स्रोत**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | आय | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 543996 | 270983 | 814979 | 152553 | 662426 |
| 2022-23 | 662426 | 245611 | 908037 | 331869 | 576168 |

**2. अनुदान**

| वित्तीय वर्ष | अथ शेष | आय | योग | व्यय | अंतिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 1980349 | 8318275.4 | 10298624.4 | 8451565.1 | 1847059.3 |
| 2022-23 | 1847059.3 | 7978165.3 | 9825224.6 | 8006243.3 | 1818981.3 |

**कुल योग (1 + 2) = ₹576168+₹1818981.3= ₹2395149.3**

**(ब) ग्राम पचांयत टुंडी, विकास खण्ड भटियात , जिला चम्बा (हि.प्र.)**

**दिनांक 31/03/2023 को बैंक खातों में अन्तशेष का विवरण**

| क्रम संख्या | खाता संख्या | बैंक का नाम | अनुदान का नाम | राशि 31-03-2023 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 19310101185 | HPSCo-Op bank Tundi | Sabha Fund | 265703.55 |
| 2. | 19310101573 | HPSCo-Op bank Tundi | SBM/SDP/ICDS/5th SFC /SF | 654863.00 |
| 3. | 19310107703 | HPSCo-Op bank Tundi | 5th SFC | 46399.00 |
| 4. | 19310104285 | HPSCo-Op bank Tundi | 14TH FC | 0 |
| 5. | 50100373714531, | HDFC Dalhousie | 15TH FC | 1387908.30 |
| | | | cash in hand | 0 |
| | | | **कुल योग** | **2354873.85** |

**अन्तर (ब-अ) ₹2395149.3-₹2354873.85= ₹40275.45**

4.2 उपरोक्त वर्णित वित्तीय स्थिति के अनुसार रोकड़ बही व बैंक पासबुक में दिनांक 31-03-2023 को राशि ₹40275.45 का अन्तर **ग्राम पंचायत द्वारा मासिक बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण था।** जिसका मिलान अतिशीघ्र किया जाये।

**5 बैंक समाधान विवरणी तैयार न करने के कारण रोकड़ बहियों व बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹0.40 लाख का अन्तर :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत टुंडी द्वारा हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002, के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में मासिक आधार पर बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की है। जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि 31-03-2023 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹40275.45 का अन्तर **परिशिष्ट - 3** अनुसार रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में है।

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-2023-24/GP TUNDI/10, दिनाँक 21-03-2024 द्वारा पंचायत सचिव को स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। जिसके उत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि; " भविष्य में बैंक समाधान विवरणी मासिक आधार पर तैयार की जाएगी एवं वर्तमान अंतर का मिलान करके लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा।"

अत: भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करके बैंक एवं रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा वर्तमान में अन्तर का अति शीघ्र मिलान भी किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**6.1 विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदान ₹18.18 लाख का अवरोधन :-**

पंचायत द्वारा **परिशिष्ट 3** पर अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनाँक 31-03-2023 तक अनुदान से प्राप्त अनुदान राशियों में से ₹ **1818981.3** की राशि (रोकड़ बही के अनुसार) उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था। जबकि पंचायत द्वारा अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण धन का अवरोधन होने के साथ-साथ सरकारी योजनाओ से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है। यह अनियमितता सम्बन्धित पंचायत के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के अकुशल वित्तीय प्रबन्धन को भी इंगित करती है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या-2023-24/ GP TUNDI /10 दिनाँक 21.03.2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत टुंडी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके

प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त स्पष्ट किया कि "भविष्य में प्राप्त अनुदान को समय पर खर्च किया जायेगा।"

अत: अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौतरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**6.2 अनुदानों के आदेशों की प्रति/पत्र अंकेक्षण में जांच हेतु उपलब्ध न करवाने बारे :-**

ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किये गए अनुदानों के स्वीकृति पत्रों की प्रतियाँ अंकेक्षण में जांच हेतु उपलब्ध नहीं करवाई गई जिसके अभाव में यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त अनुदान किस उद्देश्य /कार्य विशेष हेतु प्राप्त किये गए हैं।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनाँक 21-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि, पंचायत को अनुदान आदेशों की प्रति/पत्र प्राप्त नहीं हुए तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरान्त मौखिक रूप से अनुदान के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह अनुचित प्रक्रिया है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता है। अत: उक्त प्रकरण को विशेष रूप से उच्चाधिकारियों के ध्यान में लाया जाता है।

**7.1 पंचायत राजस्व, गृहकर की बकाया राशि ₹0.65 लाख की वसूली न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,संकर्म,कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 33 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव का दायित्व है कि, समस्त राजस्व को नियमित व अविलम्ब रूप से वसूलने व सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खातों में समय पर जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 114 में प्रावधान है कि कोई व्यक्ति किसी कर, शुल्क, दर राशि का भुगतान नहीं करता तो वह जुर्माने के साथ दण्ड का भागीदार होगा। इसके अतिरिक्त पंचायत सचिव को नियम 77(4) व फॉर्म 10 के अनुसार पंचायत के गृह कर का मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत टुंडी के अंकेक्षण में पाया गया कि, पंचायत सचिव द्वारा सम्पति कर (गृहकर) रजिस्टर को संधारित नहीं किया गया था। जिस कारण सम्पति कर की वार्षिक मांग व गत बकाया बारे पुष्टि नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा धारा 114 के अनुरूप गृहकर का समय पर भुगतान न करने के लिए चुककर्ताओं पर दण्ड लगाने हेतु भी कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। पंचायत द्वारा पंजीकृत परिवारों के आधार पर उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के अनुसार निम्नलिखित **₹65840.00** की राशि वसूली हेतु शेष थी।

## 31-03-2023 को गृह कर बकाया राशि का विवरण

| क्र० स० | वितीय वर्ष | अथशेष | पंजीकृत परिवारों की संख्या | दर प्रति परिवार/ )₹( | वर्ष के दौरान माँग (₹) | कुल योग (₹) | वर्ष के दौरान वसूली (₹) | वसूली हेतु शेष बकाया राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2021-22 | 73440 | 590 | 50 | 29500 | 102940 | 47500 | 55440 |
| 2. | 2022-23 | 55440 | 665 | 50 | 33250 | 88690 | 22850 | 65840 |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 03 दिनांक 18-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि, पंचायत राजस्व की वसूली समय पर की जाएगी। उतर ग्राम पंचायत द्वारा अप्रभावी निगरानी का द्योतक है जिसके परिणाम स्वरूप राजस्व का गैर संग्रहण/हानि हो सकती है। अतः सम्पति/गृहकर की बकाया राशि की शीघ्रातिशीघ्र वसूली करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**7.2 विवाह पंजीकरण शुल्क व बिलम्ब शुल्क की वसूली न करने के कारण राशि ₹ 9175/-की वित्तीय हानि :-**

हिमाचल प्रदेश विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 की धारा 22 एवं हि०प्र० सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग की अधिसूचना संख्या WLF-A(3)-1/97, दिनाँक 17-12-2004 व SJE-A-A(3)-1/2015 दिनाँक 04-10-2016 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा जारी पत्र संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marrige-8107-10 दिनाँक 28-10-2016 के अनुसार विवाह पंजीकरण का सामान्य श्रेणी हेतु पंजीकरण की धारा 8(1) के प्रावधानों के तहत ₹200 (30 दिन के अंदर) व BPL/IRDP से राशि ₹25 (30 दिन के अंदर) तदोपरांत ₹400 (30 से 90 दिन के अंदर) व BPL/IRDP से राशि ₹50 (30 से 90 दिन के अंदर) की वसूली की जानी अपेक्षित थी एवं वसूली गई फीस को सरकारी राजकोष के प्राप्ति शीर्षक खाता संख्या "0235-00-800-03" में विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जमा की जानी अपेक्षित है।

अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि, **परिशिष्ट - 4** अनुसार उक्त पंचायत सचिव द्वारा वर्ष 2021-22,2022-23 के विवाह पंजीकरण रजिस्टर में विवाह पंजीकरण शुल्क की व विलम्ब शुल्क की वसूली की गई थी किन्तु सरकारी कोष में जमा नही करवाया गया था जोकि उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है। पंचायत सचिव की लापरवाही के कारण सरकार को राशि ₹9175/- की वित्तीय हानि हुई। तथा विवाह पंजीकरण शुल्क के तौर पर वसूली गई राशि को सरकारी राजकोष में जमा नहीं करवाया गया था

इस सम्बन्ध में जारी अधियाचना संख्या- 04 दिनाँक 18-03-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों की पुष्टि उपरान्त कहा गया कि "विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली गई है तथा जिसे जमा कर दिया जायेगा।" अत: उपरोक्त राशि को सम्बन्धित सरकारी खाते/कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा इसके अतिरिक्त पूर्व में जमा विवाह शुल्क जोकि सभा निधि में है उसकी गणना करके उसे भी सम्बन्धित खाते /कोष में जमा करवाया जाए तथा भविष्य में इस प्रकार की गलती की पुनरावृत्ति न की जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**8.1 राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा सभी चल-अचल सम्पतियों को दर्ज न करना :-**

पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में वर्ष 2010-11 में पंचायत मिशन प्रोजेक्ट प्रारम्भ की गई थी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न एप्लिकेशन्स हैं जिनसे पंचायत की दैनिक कार्यवाही जैसे कि पंचायत द्वारा की गई सेवाओं, सामान के खरीद, भुगतान एवं पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का (उनके वास्तविक मूल्य पर) इन्द्राज करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत टुंडी के नमूना अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका में पंचायत द्वारा अर्जित सभी चल-अचल सम्पतियों एवं किये गए कार्यों को इन्द्राज/दर्ज नहीं किया गया था। जबकि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि तक कई कार्यों को पूर्ण किया गया था। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी कार्य उक्त एप्लीकेशन में नहीं किया जा रहा है जोकि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पूर्णतया अवहेलना है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनाँक 21-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया कि पंचायत की सभी चल-अचल सम्पतियों का इन्द्राज राष्ट्रीय सम्पति निर्देशिका एप्लीकेशन में कर दिया जायेगा। कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8.2 ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं से बिना X–फॉर्म के क्रय करने से सरकार को रॉयल्टी के तौर पर राशि ₹1.07 लाख के राजस्व की सम्भावित वित्तीय हानि।**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स (कन्सेशन) एवं मिनरल्स (प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रान्सपोटेशन एन्ड स्टोरेज) नियमावली 2015 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार विकास/निर्माण कार्यों पर उपयोग की जाने वाली सामग्री के लिए ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से अन्नापति प्रमाण पत्र X-फार्म प्राप्त कर सम्बन्धित पंचायत को देना अनिवार्य है। इसके अत्तिरिक्त उद्योग विभाग चम्बा के पत्र संख्या 902 दिनाँक 18-02-2022 के अंतर्गत समस्त विकास खण्ड कार्यालयों को संशोधित मूल्य अनुसार रॉयल्टी काटने के आदेश जारी किये गए थे। तथा इसके अतिरिक्त पंचायत द्वारा अखबार में प्रकाशित की गई निविदाओं में आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अनापति प्रमाण पत्र फॉर्म –M/X उपलब्ध न करवाने की दशा में अपेक्षित रॉयल्टी की कटौती हेतु कहा गया था।

परन्तु ग्राम पंचायत टुंडी, विकास खण्ड चम्बा, जिला चम्बा की अंकेक्षण अवधि 04/2021 से 03/2023 के अभिलेखों के नमूना अंकेक्षण एवं पंचायत द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के आधार पर पाया गया कि पंचायत द्वारा उक्त नियमों एवं आदेशों की पूर्णत: अवहेलना की जा रही है। पंचायत द्वारा ठेकेदारों से न तो कोई अन्नापति प्रमाण पत्र/X-फॉर्म लिया गया और न ही रॉयल्टी की अपेक्षित कटौती की गई । जिससे कि सरकार को राशि ₹87209/- (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "5"** में दिया गया है ।) की संभावित वित्तीय हानि हुई है।

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2023-24/ GP Tundi /06 दिनाँक 21-03-2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया। जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि उक्त क्रय सामग्री हेतु रॉयल्टी की कटौती समबन्धित संविदाकरों से करके एवं उसे सरकारी कोष में जमा करवा कर कृत कार्यवाही से विभाग को अवगत करवा दिया जायेगा एवं आगामी भविष्य में X फॉर्म न होने की स्थिति में नियमानुसार रॉयल्टी की कटौती की जायेगी एवं उसे समयबन्ध सरकारी कोष में भी जमा करवा दिया जायेगा।

अत: उक्त प्रकरण से न केवल सरकारी राजस्व का वित्तीय रिसाव प्रतीत हो रहा है अपितु इस प्रकार से अवैध खनन से सरकारी आदेशों की भी स्पष्ट अवहेलना की जा रही है। यह एक गम्भीर अनियमितिता है जो उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष रूप से लाई जाती है। अत: इस अनियमितिता को न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा उद्योग विभाग के नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जानी सुनिश्चित की जाये एवं कृत कार्यवाही/अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.3 प्रॉपर/टैक्स बिलों पर भुगतान न करने के कारण सरकारी राजकोष को वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तौर पर राशि ₹0.58 लाख की सम्भावित वित्तीय हानि बारे :-**

केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अनुसार रेत, बजरी एवं पत्थर इत्यादि पर 5% की दर से GST का भुगतान किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत के अभिलेखों के नमूना/चयनित अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान आपूर्तिकर्ता का GST धारक होने की दशा में निविदाएं स्वीकृत की गई थी अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा इन्हें राशि ₹1230086/- का भुगतान (जिसका पूर्ण विवरण संलग्न **परिशिष्ट "5"** में दिया गया है ।) किसी प्रॉपर/कंप्यूटर जेनरेटड/टैक्स बिल पर न करके सादे कागज़ पर कर दिया गया है। तथा आपूर्तिकर्ता रेत, बजरी एवं पत्थर में इत्यादि का धारक न होकर अन्य वस्तुओं व सेवाओं हेतु पंजीकृत था इसके अतिरिक्त सरकार को देय कर के साक्ष्य/ चालान भी नही पाए गये जिससे इन बिलों की सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी। यह न केवल अनुचित प्रक्रिया है अपितु एक प्रॉपर टैक्स बिल के अभाव में

सरकार को देय वस्तु व सेवा कर (GST) के तौर पर लगभग राशि ₹55986/- की सम्भावित वित्तीय हानि भी हुई है।

इस गम्भीर अनियमितता के सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 06 दिनाँक 21-03-2024 के प्रत्युतर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि के उपरान्त कहा गया कि, GST कटौती बारे आपूर्तिकर्ताओं से स्पष्टीकरण लेकर यथाशीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। उत्तर स्पष्ट एवं तर्कसंगत नहीं है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पंचायत द्वारा गठित उप-क्रय समिति द्वारा कुटेशनों एवं क्रय के समय बिलों की उचित जांच पड़ताल नहीं की गई जिससे कि उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा रसीदों पर ही अनुचित तरीके से भुगतान प्राप्त किया गया जिससे कि सरकार को वस्तु एवं सेवा कर की वित्तीय हानि होने के साथ-साथ किया गया भुगतान भी संदिग्ध प्रतीत होता है जोकि एक अत्यंत गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। अत: उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में बिना टैक्स बिल के भुगतान करने का औचित्य तथ्यों सहित स्पष्ट किया जाये एवं उक्त आपूर्तिकर्ताओं द्वारा यदि कोई उक्त बिलों के सम्बन्ध में कर भुगतान किया गया हो तो उनका साक्ष्य अनुवर्तन रिपोर्ट के साथ अंकेक्षण विभाग को शीघ्र प्रेषित किया जाये अन्यथा नियमाविरुद्ध किये गए भुगतानों पर देय कर की पूर्ण गणना उपरान्त राशि की उचित स्रोत से वसूली करके सम्बन्धित खाते/कोष में जमा करवाई जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को भी अवगत करवाया। यह गम्भीर प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष इस आशय से लाया जाता है कि ऐसे प्रकरणों की गहन जाँच की जाये ताकि किसी भी प्रकार से सार्वजानिक धन के दुरूपयोग एवं कर अदेयता के मामलों की सम्भावना को पूर्णत: नकारा जा सके।

**9.1 औपचारिकताओं (Codal Formalities) को पूर्ण किए बिना ही राशि ₹2.70 लाख के स्टॉक/स्टोर का अनियमित क्रय करने बारे :-**

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते व नियमावली, 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं जारी करने की औपचारिकतायें यथा निविदायें,कुटेशन (Quatations) आमंत्रित करना, मांग, अनुबंध सूची ,आपूर्ति आदेश इत्यादि प्रावधित है।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹270180/-** के स्टॉक/स्टोर का क्रय औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया। जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है। उक्त राशि की सामग्री व सेवाओं का क्रय औपचारिकतायें पूर्ण किए बिना ही किया गया। जिससे कि ग्राम पंचायत को न केवल बाजारी प्रतिस्पर्धा के लाभ से वंचित होना पड़ा बल्कि पंचायती राज अधिनियम 2002 के

सरकारी नियमों की अवहेलना भी की गई, तथा इसके अतिरिक्त उक्त भुगतान प्रधान व् सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना किये गये जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

| SR. NO | VOUCHER NO./DATE | NAME OF FUND | PARTICULAR/ DETAIL OF PARTY | DISCRIPTION OF ITEM | AMOUNT (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/01.06.21 | SF | DEVAL STATIONARY & COMMUNICATION | STATIONARY | 3000 |
| 2 | 41/23.11.21 | ICDS | RAM ELECTRICAL WORKS TUNDI | ELECTRICAL GOODS | 8750 |
| 3 | 45-46/23.11.21 | ICDS | SANJU FURNTURE HOUSE | HARDWARE GOODS | 24300 |
| 4 | 46/24.11.21 | SDP | M/S JARYAL HARDWARE STORE | HARDWARE GOODS | 26414 |
| 5 | 47/24.11.21 | SDP | M/S JARYAL HARDWARE STORE | HARDWARE GOODS | 45306 |
| 6 | 04/11.04.22 | SF | NARENDER COMMUNICATION PO KHARGAT | STATIONARY | 4950 |
| 7 | 8/23.05.22 | SF | SANJU FURNTURE HOUSE | HARDWARE GOODS | 24090 |
| 8 | 8/23.05.22 | SF | SANJU FURNTURE HOUSE | HARDWARE GOODS | 24090 |
| 9 | 24/04.05.22 | 15TH FC | BALOURIA COMPUTER SERVICE CHOWARI | PRINTER | 15500 |
| 10 | 29/05.05.22 | 15TH FC | M/S DEENU ELECTRONICS MAIN BAZAR SAMOT | WATER COOLER | 27000 |
| 11 | 30/05.05.22 | 15TH FC | M/S DEENU ELECTRONICS MAIN BAZAR SAMOT | WATER COOLER | 27000 |
| 12 | 25/04.05.22 | 15TH FC | PARAMJEET CONSTRUCTION WORKS TUNDI | SHUTTRING | 14820 |
| 13 | 26/04.05.22 | 15TH FC | PARAMJEET CONSTRUCTION WORKS TUNDI | SHUTTRING | 24960 |
| | | | | TOTAL | 270180 |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या-06 दिनांक 21-03-2024 द्वारा उक्त प्रकरण सचिव, ग्राम पंचायत टुंडी के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि

उपरान्त कहा गया कि भविष्य में नियमानुसार सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही क्रय किया जायेगा। उत्तर तर्कसंगत नहीं है एवं बिना कुटेशन के क्रय करना संदिग्ध प्रतीत होता है यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ विशेष तौर से लाया जाता है।

अत: इस अनियमितता की सक्षम अधिकारी से कार्योतर स्वीकृति लेकर इस व्यय को नियमित करवाया जाए अन्यथा आवश्यक विधिवत औपचारिकतायें पूर्ण किये बिना, की गई समस्त खरीद से हुई हानि की प्रतिपूर्ति उचित स्रोत से करके सम्बन्धित निधि में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा भविष्य में नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय, भंडारण एवं निर्गम किया जाना सुनिश्चित किया जाए तदानुसार कृत कार्यवाही से लेखा परीक्षा विभाग को यथाशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**9.2 राशि ₹1.69 लाख के सामान/स्टोर की स्टॉक प्रविष्टियाँ व रजिस्टरों का संधारण नियमानुसार न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के चैप्टर-8 नियम 69 के अनुसार सारा स्टोर (सामान) जब प्राप्त किया जाता है, परिदान के समय, उसका यथास्थिति, परिक्षण, गणना,माप या तोल किया जायेगा और तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जायेगा। किसी एकल दिवस की प्रविष्टियों के अंत में यथास्थिति ग्राम पंचायत सचिव द्वारा स्टॉक (सामान) उचित स्थिति का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। अधिशेष यदि कोई है; का विवरण और कोई कमी (यदि कोई है) लाल स्याही से उपदर्शित की जायेगी।

परन्तु पंचायत के नमूना/चयनित अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा राशि **₹169650**/-के स्टॉक/स्टोर का क्रय किया गया था किन्तु उक्त की स्टॉक प्रविष्टी नही की गई थी

| SR. NO | VOUCHER NO./DATE | NAME OF FUND | PARTICULAR/ DETAIL OF PARTY | DISCRIPTION OF ITEM | AMOUNT (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/01.06.21 | SF | DEVAL STATIONARY & COMMUNICATION | STATIONARY | 3000 |
| 2 | 41/23.11.21 | ICDS | RAM ELECTRICAL WORKS TUNDI | ELECTRICAL GOODS | 8750 |
| 3 | 41/23.11.21 | ICDS | RAM ELECTRICAL WORKS TUNDI | ELECTRICAL GOODS | 8750 |
| 4 | 45-46/23.11.21 | ICDS | SANJU FURNTURE HOUSE | HARDWARE GOODS | 24300 |
| 5 | 46/24.11.21 | SDP | M/S JARYAL HARDWARE STORE | HARDWARE GOODS | 26414 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 47/24.11.21 | SDP | M/S JARYAL HARDWARE STORE | HARDWARE GOODS | 45306 |
| 7 | 04/11.04.22 | SF | NARENDER COMMUNICATION PO KHARGAT | STATIONARY | 4950 |
| 8 | 8/23.05.22 | SF | SANJU FURNTURE HOUSE | HARDWARE GOODS | 24090 |
| 9 | 8/23.05.22 | SF | SANJU FURNTURE HOUSE | HARDWARE GOODS | 24090 |
| | | | | **TOTAL** | **169650** |

इस अनियमितता बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2023-24/ GP Tundi /09 दिनाँक 21.03.2024 द्वारा, सचिव को अवगत करवाया गया। इस सम्बन्ध में सचिव के द्वारा कि भविष्य में उक्त अनियमितता को नही दोहराया जायेगा।

अत: नियमों के विरुद्ध अपनाई गई इस कार्यप्रणाली बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य में नियमानुसार क्रय किये गए सामान के स्टॉक प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें एवं उक्त स्टॉक की प्रविष्टि करके आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत की जाये एवं कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

**9.3 राशि ₹0.49 लाख के मस्ट्रोलों के भुगतान में पाई गई वित्तीय व अन्य विविध अनियमितताओं बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम **49(1)(2)** में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पारित भुगतान ग्राम पंचायत के प्रधान और सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जाना अपेक्षित है। इसके अत्तिरिक्त इस अधिनियम के नियम 93(क) एवं अधिनियम 1994 की धारा 23 के अधीन गठित संकर्म समिति एवं नियम 108 के अनुसार सतर्कता समिति पंचायत द्वारा निष्पादित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेगी।

ग्राम पंचायत टुंडी के लेखों की नमूना/चयनित माहों के अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अग्रतालिका के विवरणानुसार कुल राशि **₹49018**/- का व्यय किया गया। जिसमें निम्नलिखित विभिन्न अनियमिततायें पाई गई :-

1. संकर्म समिति, सतर्कता समिति के सदस्यों के मस्ट्रोल पर हस्ताक्षर नहीं करवाये गए थे। जबकि उक्त वर्णित नियमानुसार पंचायत स्तर के विभिन्न संकर्मों के निष्पादन हेतु उक्त दोनों समितियों का

होना व हस्ताक्षर करना आवश्यक है। इसके बिना पंचायत स्तर के कार्यों की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकती।

2. बिना पे-ऑर्डर एवं प्रधान व सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर के बिना ही भुगतान कर दिया गया था जोकि उपरोक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है। जबकि उक्त नियमानुसार कोई भी संदाय/भुगतान इसमें वर्णित प्रावधानों के बिना नहीं हो सकता था।

| Muster Roll No | CB Page No /Date | Amount (₹) | Discription Of Item | Head | Name of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| NIL | 16/29 | 24298 | labour payment | sf | repair rasta sadan to barfiram house |
| 21987 | 48/72 | 24720 | labour payment | 5th sfc | rain shed shamshan ghat bhalet |
| | Total | 49018 | | | |

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 08 दिनाँक 21-03-2024 के द्वारा उक्त प्रकरण को सचिव, ग्राम पंचायत टुंडी के ध्यानार्थ लाया गया। जिसके प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा उपरोक्त सभी तथ्यों एवं आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त कहा कि "उक्त वर्णित अनियमितताओं की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं की जायेगी तथा कृत कार्यवाही से अवगत करवा दिया जायेगा।" अत: इस सम्बन्ध में आगामी आवश्यक कार्यवाही अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा विभाग को अवगत करवाया जाये।

**9.4 निर्माण सामग्री के क्रय में राशि ₹0.06 लाख का अनुमोदित दरों से अधिक भुगतान बारे :-**

ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2021-22 व 2022-23 के विकासात्मक कार्यों हेतु सामग्री के क्रय करने हेतु भिन्न-भिन्न आपूर्तिकर्ता से कुटेशन आमन्त्रित की गई थी

अंकेक्षण के दौरान पाया गया की ग्राम पंचायत द्वारा कम निविदा दर वाले आपूर्तिकर्ता से क्रय किया गया था किन्तु आपूर्तिकर्ता को निम्नलिखित विवरण अनुसार बिल के भुगतान करते समय अधिक दर से भुगतान किया गया था जोकि अनुमोदित दरों से अधिक थी जिसकी अदायगी के कारण पंचायत को वितीय हानि हुई जिससे कि न केवल निविदायें आमंत्रित करने का उद्देश्य निरर्थक हुआ अपितु अनुचित /अधिक भुगतान भी सम्बन्धित फर्म/आपूर्तिकर्ता को हुआ।

| | | | | | as per bill | | | as per quotation | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SR. No | Voucher No./Date | Name of Fund | Particular/ Detail Of Party | Discription Of Item | Qty | rate | amount | Qty | rate | amount | excess |
| 1 | 43/21.07.22 | 15th fc | paramjeet const. works | shuttring | 200 | 40 | 8000 | 200 | 26 | 5200 | 2800 |
| 2 | 47/21.07.22 | 15th fc | sushil singh | shuttring | 125 | 40 | 5000 | 125 | 26 | 3250 | 1750 |
| 3 | 396/21.03.22 | 15th fc | sushil singh | shuttring | 152 | 40 | 6080 | 152 | 26 | 3952 | 2128 |
| | | | | | | | | | total | | 6678 |

इस गम्भीर अनियमितता बारे अंकेक्षण के दौरान ही इस बारे में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10, दिनाँक -21.03.2024 द्वारा, सचिव को अवगत करवाया गया तथा इसके सम्बन्ध में सचिव के द्वारा उत्तर दिया गया कि नियमानुसार उक्त राशि पूर्तिकर्ताओं से वसूली जानी अपेक्षित रहेगी तथा भविष्य में इस तरह की पुनरावृति को नहीं दोहराया जायेगा।

अतः अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली उचित स्रोत से करके सम्बन्धित निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा की गई अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 9.5 निर्माण कार्यों से सम्बन्धित स्वीकृति/कार्य आदेश, प्राक्कलन मापन पुस्तिका लेखा परीक्षा में प्रस्तुत न करने बारे :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 व संशोधित नियम 2017 के नियम 94, 95 व 101 के अनुसार किसी भी विकास कार्य का निष्पादन प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, मापन पुस्तिका व प्राक्कलन तैयार किये बिना नहीं किया जा सकता है।

ग्राम पंचायत की नमूना लेखा परीक्षा के दौरान कनिष्ट अभियंता स्तर पर करवाए गए विकास/निर्माण कार्यों के प्रशासनिक, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन,मापन पुस्तिका इत्यादि अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए जिसके अभाव में उक्त कर्मचारियों के स्तर पर किये गए कार्यों व उसमे प्रयुक्त सामग्री/लेबर के व्यय,खपत,सत्यता एवं प्रमाणिकता की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 07 दिनांक 21-03-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा तथ्यों व आंकड़ों की पुष्टि उपरान्त सूचित किया कि उक्त अभिलेख अगले अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिए जायेगे। अतः उक्त अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 10.1 रोकड़ बहियों का रख-रखाव/संधारण नियमानुसार न करने बारे :-

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षण, सकंर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार रोकड़ बहियों का रख-रखाव किया जाना अपेक्षित है ।

ग्राम पंचायत टुंडी के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों का संधारण उचित तरीके से नहीं किया जा रहा है । रोकड़ बहियों में न तो प्रगतिशील योग किये गए हैं और न ही अथशेष व अंतशेष दर्शाए गए है और न ही ऑनलाइन रोकड़ बहियों को अंकेक्षण में उपलब्ध करवाया गया, जिससे कि पंचायत की वित्तीय स्थिति में अथशेष पंचायत द्वारा बनाई गई परीक्षा संतुलन सूची से लिए गए हैं जोकि उचित प्रतीत नहीं होता है । इसके अतिरिक्त ऐसी स्थिति में बैंक से किये जा रहे लेन-देन पर भी कोई नियन्त्रण नहीं रह जाता तथा रोकड़ बही, बैंक खाते में उपलब्ध शेष राशि बारे में कोई विश्वसनीय सूचना उपलब्ध नहीं करवाती। ऐसी स्थिति में पंचायत द्वारा बनाई जा रही आय-व्यय तालिका तथा संतुलन पत्र की मदें भी विश्वसनीय नहीं रह जाती तथा इसमें अनाधिकृत समायोजन की सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता ।

इस सन्दर्भ में जारी अधियाचना संख्या-10, दिनाँक 21-03-2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा कहा गया कि भविष्य में रोकड़ बहियों का रख-रखाव नियमानुसार किया जायेगा एवं ऑनलाइन रोकड़ बहियों को पंचायत अभिलेख में रख लिया जायेगा । अत: भविष्य में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये ।

## 10.2 PRIYA SOFTWARE में संधारित लेखों तथा MANNUAL संधारित लेखों में ₹7.02 लाख के अन्तर बारे

पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में E-PANCHAYT मिशन प्रोजेक्ट (MPP) प्रारम्भ की गई तथा जिसका क्रियान्वयन पंचायती राज विभाग हि०प्र० कर रहा है इस योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ हि०प्र० पंचायती राज नियम (सामान्य) 1997 के नियम 34 में वर्णित सभी रजिस्टरों को कागज़ रहित प्रणाली के अंतर्गत E-PANCHAYAT में बदलने का कार्य भी पंचायती राज विभाग की प्राथमिकता है

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा लेखों का अनुरक्षण मैनुअल तथा प्रिया सॉफ्टवेयर दोनों माध्यमों से किया जा रहा है तथा जो लेखे PRIYA सॉफ्टवेर में बनाये गए थे वह मैन्युअल रोकड़बही लेखों व बैंक खातों से मेल नहीं खाते । फलस्वरूप दिनाँक 31-03-2023 को PRIYA सॉफ्टवेयर व मैनुअल लेखों में निम्नविवरणानुसार राशि ₹702603.00 का अन्तर पाया गया ।

31-03-2023 को PRIYA सॉफ्टवेयर व मैनुअल लेखों संधारित लेखों (रोकड़ बही) में अन्तशेष

| | |
|---|---|
| 31-03-2023 को PRIYASOFT में संधारित रोकड़ बही का अन्तशेष | ₹2535002.00 |
| 31-03-2023 को पंचायत द्वारा मेनुअल संधारित रोकड़ बही का अन्तशेष | **₹2395149.3** |

अन्तर 139852.70

उपरोक्त तथ्यों के मध्यनजर ऐसा प्रतीत होता है कि: पंचायत सचिव द्वारा PRIYA सॉफ्टवेयर में आंकड़े सही ढंग से संधारित नहीं किये जा रहे हैं जोकि उक्त नियमों के स्पष्ट अवहेलना है। इस सम्बन्ध में सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या 2023-24/ GP TUNDI /10 दिनाँक 21.03.2024 द्वारा स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया जिसके उत्तर में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि अन्तर का मिलान कर आगामी अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक प्रतीत नहीं है क्योंकि PRIYA सॉफ्टवेयर में आंकड़ों का संधारण किया जाना पंचायती राज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनिवार्य है ।

अत: दोनों अन्तर की छानबीन व पुनर्मिलान करके वस्तु स्थिति अनुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

**10.3 खाता "क" तथा "ख" को अलग से नियमानुसार संधारित न करने बारे :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, सम्परीक्षा, संकर्म, कराधान एवं भत्ते) नियमावली 2002 के **नियम 4** के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा अपनी आय (स्व-स्रोत ) के लिए खाता "क" तथा अनुदानों और विशेष प्रयोजनों के लिए खाता "ख" अलग-अलग से खोले जाने अपेक्षित हैं।

वितीय वर्ष 2021-23 के अंकेक्षण दौरान पाया गया कि, पंचायत द्वारा अपनी आय (स्व-स्रोत ) के खाते को पृथक नहीं रखा गया है। अपितु अन्य अनुदानों जैसे 5th स्टेट, के साथ एक ही बैंक खाता एवं एक ही रोकड़बही में संधारण किया जा रहा है। जोकि उक्त नियम की स्पष्ट अवहेलना है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 10 दिनांक 21-03-2024 के प्रत्युत्तर में सचिव, ग्राम पंचायत टुंडी द्वारा सूचित किया कि पंचायत के स्व:-स्रोत आय व्यय के लिए पृथक बैंक खाता खुलवा लिया जाएगा। अत: इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही अमल में लाकर कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**10.4 पंचायत द्वारा ट्रायल बैलेंस, बैलेंस शीट, प्राप्ति एव भुगतान इत्यादि अंकेक्षण में प्रस्तुत न करने बारे :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा विभिन्न अभिलेख जैसे ट्रायल बैलेंस ,बैलेंस शीट ,प्राप्ति एव भुगतान इत्यादि अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नही किये गये जिस कारण इस विभाग के ऑडिट कोड में वर्णित पंचायत के उक्त अभिलेखों को प्रमाणित नही क्या जा सका।

